# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, गिफ्ट निफ्टी में गिरावट



नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ कारोबार करने के बाद लाल निशान में बंद हुआ था। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स में भी कमजोरी बनी रही। इसके विपरीत यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे थे। एशियाई बाजार में गिफ्ट निफ्टी के अलावा सभी बाजार बंद हैं।

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफ लगाने का ऐलान करने के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक दबाव में कारोबार करते रहे।

डाउ जॉन्स 337.47 अंक यानी 0.75 प्रतिशत अंक टूट कर 44,544.66 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,040.53 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह नैस्डेक 0.30 प्रतिशत फिसल कर 19,623.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान तेजी के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,673.96 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.11 प्रतिशत छलांग लगा कर 7,950.17 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ 21,732.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में गिफ्ट निफ्टी को छोड़कर शेष सभी बाजार बंद हैं। गिफ्ट निफ्टी फिलहाल 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,584 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

## नया होंडा सिटी एपेक्स एडिशन पेश, कीमत 13.30 लाख से शुरू

**नई दिल्ली।** प्रीमियम कार निर्माता होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय मॉडल होंडा सिटी का नया एपेक्स एडिशन पेश किया है जिसकी एक्स शोरूम कीमत 13.30 लाख रुपये से शुरू होती है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि सीमित मात्रा में उपलब्ध एपेक्स एडिशन मैनुअल ट्रांसमिशन और कंटीन्यूअसली वेरिएबल ट्रांसमिशन (सीवीटी) दोनों में पेश किया जाएगा और यह होंडा सिटी के वी और वीएक्स ग्रेड पर आधारित है।

## न्यूज ब्रीफ

### आईसीडीडीआर ने अपने 1000 कर्मचारी किए बर्खास्त

icddr

**वाशिंगटन।** अमेरिकी मदद रुकने का पहला असर बांग्लादेश के इंटरनेशनल सेंटर फॉर डायरियल डिजीज रिसर्च (आईसीडीडीआर) पर पड़ा है। आईसीडीडीआर ने अपने हजार से ज्यादा कर्मचारियों को बर्खास्तगी के लेटर पकड़ दिए हैं। ये सभी कर्मचारी यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट की मदद से चलने वाले प्रोग्राम में काम कर रहे थे। इनमें से ज्यादातर अधिकारी और कर्मचारी कानट्रेक्ट पर थे, लेकिन हजारों रुपये महीने की सैलरी ले रहे हैं। अब इनके लिए नई नौकरी तलाशना आसान नहीं होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंटरनेशनल सेंटर फॉर डायरियल डिजीज रिसर्च के एक सीनियर मैनेजर ने इस बात की पुष्टि की है कि सभी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार ने फंड रोक दी है। हमें अगली योजनाओं के लिए कोई फंड नहीं मिलेगा। इसलिए हम अब किसी प्रोजेक्ट पर काम नहीं कर सकते। हमारे पास इतना फंड नहीं कि इन लोगों को सैलरी दे सकें। हमें उम्मीद है कि जल्द कुछ बदलाव होगा।

### जनवरी में टोयोटा मोटर की वाहन बिक्री 19 फीसदी बढ़कर 29,371 इकाई हुई



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शनिवार को कहा कि जनवरी में उसकी बिक्री साल-दर-साल 19 प्रतिशत बढ़कर 29,371 इकाई हो गई। पिछले वर्ष इसी माह में कंपनी ने 24,609 इकाइयां भेजी थीं। कंपनी ने पिछले महीने घरेलू बाजार में 26,178 इकाइयां बेचीं और 3,193 इकाइयां निर्यात कीं। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने एक बयान में कहा कि यह निरंतर गति ग्राहक केन्द्रितता, देश भर में ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने और नवोन्मेषी मूल्यवर्धित समाधानों पर बढ़ते जोर पर कंपनी के तीव्र फोकस को रेखांकित करती है। टीकेएम के एक अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2025 में हमारा प्रयास भारत में कंपनी की स्थिति को और मजबूत करना है। हम मूल्यवर्धित सेवाओं और बिक्री के बाद निर्बाध समर्थन के माध्यम से ग्राहक-केंद्रितता को अनुकूलित करना जारी रखेंगे, जिसका उद्देश्य सुखद अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऑटो निर्माता की उत्पाद रणनीति बहुविध मार्ग दृष्टिकोण के गहन दर्शन से प्रेरित होगी, जो हर किसी को उसकी गतिशीलता आवश्यकताओं के आधार पर कुछ न कुछ प्रदान करने का प्रयास करेगी।

### ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के दमदार नतीजों की घोषणा की




**इन्दौर।** भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने , 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के वित्तीय आंकड़े के अनुसार टीसीआई ने 11,539 मिलियन रुपये का समेकित राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 10,115 मिलियन की तुलना में 14.1प्रतिशत की वृद्धि है। ब्याज, कर, मूल्य ह्रास और परिशोधन से पहले कंपनी की कमाई (एबिटा) 1478 मिलियन रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के 1276 मिलियन रुपये से 15.8 प्रतिशत अधिक है। कर पश ?चात लाभ (पीएटी) 27.3प्रतिशत बढ़कर 1021 मिलियन रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 802 मिलियन रुपये था। इस तिमाही के वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करते हुए टीसीआई के एमडी विनीत अग्रवाल ने कहा कि यह मजबूत प्रदर्शन हमारे सभी उद्यमो में संतुलित वृद्धि के माध्यम से प्राप्त किया गया है। हमारे नवाचारी समधानों और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण ने बाजार में हमारी स्थिति को मजबूत करते हुए हमारे हित धारकों के लिए मूल्य वर्धन किया है।

# बजट के झटके से सेंसेक्स और निफ्टी ने गंवाई शुरुआती बढ़त, सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

## दिन भर के कारोबार से निवेशकों को हुआ 27 हजार करोड़ का नुकसान




नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में जोरदार उतार-चढ़ाव होता रहा। बजट पेश होने के पहले तक ज्यादातर समय बाजार में मजबूती के साथ कारोबार होता रहा, लेकिन बजट पेश होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद शेयर बाजार सपाट स्तर पर मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। उतार-चढ़ाव वाले कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ बंद हुआ और निफ्टी ने 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ के कारोबार का अंत किया।

दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, हेल्थ केयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, टेक, ऑयल एंड गैस, मेटल, कैपिटल गुड्स, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में मिला-कारोबार होता हुआ नजर आया, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ के कारोबार का अंत किया।

कारोबार के दौरान बने अनिश्चितता वाले माहौल के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 27 हजार करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद घट कर 423.75 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 424.02 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को के कारोबार से करीब 27 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,037 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,087 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,821 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 129 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,528 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,289 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,239 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर बढ़त के साथ और 5 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 43 शेयर हरे निशान में और 7 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 136.44 अंक की तेजी के साथ 77,637.01 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में मामूली उतार चढ़ाव के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 398.48 अंक उछलकर 77,899.05 अंक तक पहुंच गया। बजट पेश होने के बाद बाजार को झटका लगा, जिसके कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 892.58 अंक टूट कर 494.10 अंक की कमजोरी के साथ 77,006.47 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि, दोपहर 1 बजे के बाद खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे ये सूचकांक निचले स्तर से 499.49 अंक की रिकवरी करके 5.39 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 77,505.96 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 20.20 अंक उछल कर 23,528.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 124.05 अंक की मजबूती के साथ 23,632.45 अंक तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन बजट पेश होते ही इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बिकवाली के दबाव के कारण निफ्टी ऊपरी स्तर से 314 अंक से अधिक लुढ़क कर 190.10 अंक की गिरावट के साथ 23,318.30 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि दोपहर 1 बजे के बाद खरीदारी शुरू हो जाने से इस सूचकांक को सहारा मिला। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी ने निचले स्तर से 160 अंक से अधिक की रिकवरी करके 26.25 अंक की कमजोरी के साथ 23,482.15 अंक के स्तर पर के कारोबार का अंत किया।

दिन भर की खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड 7.58 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 4.92 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 4.41 प्रतिशत, आयशर मोटर्स 3.77 प्रतिशत और बजाज ऑटो 3.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 3.91 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 3.71 प्रतिशत, लार्सन एंड टूब्रो 3.36 प्रतिशत, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 2.71 प्रतिशत और सिप्ला 2.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# गैलेक्सी एस 25 सीरीज के नए स्मार्टफोन्स पेश



नई दिल्ली

साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग ने अपनी गैलेक्सी एस 25 सीरीज के नए स्मार्टफोन्स को पेश किये है। चालू साल के अंत में सैमसंग द्वारा नेक्स्ट जनरेशन फोल्डेबल स्मार्टफोन्स यानी सैमसंग गैलेक्सी झेड फोल्ड 7 और गैलेक्सी झेड फलीप 7 को लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। पिछले कुछ हफ्तों में, कथित हैंडसेट के बारे में डिस्प्ले, चिपसेट और प्रोडक्शन यूनिट सहित कई डिटेल ऑनलाइन सामने आई हैं। अब एक टिप्स्टर ने अपकमिंग सैमसंग गैलेक्सी झेड फोल्ड 7 और गैलेक्सी झेड फलीप 7 की संभावित कीमत को लेकर संकेत दिए हैं। आइए जानते हैं भारत में कितनी हो सकती है इन फोन्स की कीमत। एक जानकारी के मुताबिक, सैमसंग गैलेक्सी झेड फोल्ड 7 और गैलेक्सी झेड फलीप 7 अधिकांश बाजारों में गैलेक्सी झेड फलीप 6 और गैलेक्सी झेड फलीप 6 जैसी कीमतों पर लॉन्च होंगे। लॉन्च के समय, भारत में गैलेक्सी झेड फोल्ड 6 की कीमत 12जीबी + 256जीबी ऑप्शन के लिए 1,64,999 रुपये से शुरू हुई थी। जबकि 512जीबी और 1टीबी वेरिएंट की कीमत क्रमशः 1,76,999 रुपये और 2,00,999 रुपये तय की गई थी। वहीं, गैलेक्सी झेड फलीप 6 के 12जीबी + 256जीबी वेरिएंट की कीमत 1,09,999 रुपये और 512जीबी वेरिएंट की कीमत 1,21,999 रुपये रखी गई थी। यानी ये माना जा सकता है कि गैलेक्सी झेड फोल्ड 7 और गैलेक्सी झेड फलीप 7 देश में मौजूदा मॉडल्स वाली कीमतों पर ही आ सकते हैं, जिन्हें ऊपर लिखा गया है। गैलेक्सी झेड फलीप 7 को लेकर ये जानकारी मिली है कि इसमें 8-इंच की इनर स्क्रीन और 6.5-इंच का कवर डिस्प्ले होगा। वहीं, गैलेक्सी झेड फलीप 7 में 6.85-इंच मेन स्क्रीन और 4-इंच का आउटर पैनल हो सकता है। फोटोग्राफी के लिए गैलेक्सी झेड फलीप 7 में 50एमपी प्राइमरी कैमरा , 12एमपी अल्ट्रा-वाइड एंगल कैमरा और 10 एमपी का सेल्फी कैमरा मिल सकता है।

## भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग में एक नई धमाकेदार एंट्री : किआ सोरोस



दिल्ली, भारत- यात्री वाहन बनाने वाली विश्वस्त कंपनी किआ इंडिया ने अपने नए एसयूवी की स्वर्णिम शुरूआत की घोषणा की है। किआ सोरोस का एक्स शोरूम मूल्य घोषित करते हुए, कंपनी ने बाजार में एक मजबूत पहचान बनाने की उम्मीद जताई है। किआ इंडिया के अधिकारी ने बताया कि भारत में एसयूवी की मांग में वृद्धि हो रही है और किआ सोरोस इस आगे बढ़ने वाली मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। इस एसयूवी में प्रीमियम सुविधाएं, उन्नत तकनीक और आकर्षक डिज़ाइन शामिल हैं। किआ सोरोस के रहने वाले ग्राहकों के लिए कंपनी ने विस्तारित गारंटी और मरम्मत के बेहतरीन पैकेज पेश किए हैं। इसके साथ ही, एक अतुलनीय ग्राहक अनुभव के लिए नवीनतम स्वामित्व कार्यक्रम भी शामिल किए गए हैं।

# सबसे ज्यादा निर्यात होने वाला मॉडल बनी मारुति सुजुकी जिम्मी 5-डोर




नई दिल्ली

साल 2024-25 के वित्तीय वर्ष में मारुति सुजुकी का दूसरा सबसे ज्यादा निर्यात होने वाला मॉडल जिम्मी 5-डोर बन गया है। भारत में निर्मित मारुति सुजुकी जिम्मी 5-डोर को अब जापान में आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया गया है।

कंपनी ने इस लॉन्च को अपने वैश्विक विस्तार के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। जिम्नी 5-डोर को पहली बार ऑटो एक्सपो 2023 में प्रदर्शित किया गया था। इस एसयूवी का उत्पादन हरियाणा के गुड़गांव स्थित संयंत्र में किया जाता है और इसे लगभग 100 देशों में निर्यात किया जा रहा है। जापान में इसके लॉन्च के साथ ही सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के घरेलू बाजार में यह फ्रॉक्स के बाद दूसरा एसयूवी मॉडल बन गया है। मारुति सुजुकी के प्रबंध निदेशक और सीईओ हिसाशी ताकेची ने इसे कंपनी की वैश्विक निर्माण क्षमता का प्रमाण बताया। जिम्मी का इतिहास 50 वर्षों से अधिक पुराना है और अब तक इसकी 35 लाख से अधिक यूनिट्स 199 देशों और क्षेत्रों में बेची जा चुकी हैं। इससे पहले जापान में केवल जिम्मी का 3-डोर संस्करण उपलब्ध था, लेकिन अब 5-डोर मॉडल की लॉन्चिंग से इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ने की उम्मीद है।

यह लैडर फ्रेम चेसिस पर आधारित है और इसमें ऑलग्रीप प्रो 4डब्ल्यूडी तकनीक दी गई है, जिससे बेहतर ऑफ-रोडिंग क्षमता मिलती है। मारुति सुजुकी ने 2024 में अब तक 3.23 लाख से अधिक वाहन निर्यात किए हैं, जिससे यह भारत की सबसे बड़ी पैसेंजर व्हीकल निर्यातक कंपनी बन गई है।यह दमदार ऑफ-रोड एसयूवी 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन (के15बी) के साथ आती है, जो 105 पीएस की पावर और 134एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसमें 5-स्पीड मैन्युअल और 4-स्पीड ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन के विकल्प दिए गए हैं।

# सर्राफा बाजार में ऑल टाइम हाई पर पहुंचा सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक



नई दिल्ली

सर्राफा बाजार में बजट वाले दिन सोना ने रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच कर कारोबार की शुरुआत की है। सोना पहली बार 84 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार करके कारोबर कर रहा है। सोने की तरह ही चांदी में भी 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। इस तेजी के साथ ही चांदी भी ऑल टाइम हाई लेवेल 1 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के काफी करीब पहुंच गई है।

सर्राफा बाजार में सोना 1,200 रुपये 1,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 84,340 रुपये से लेकर 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 77,310 रुपये से लेकर 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 84,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 84,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 77,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 84,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 77,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 84,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 84,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 77,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में जोरदार उछाल दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 84,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 77,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## एप्पल वॉच सीरीज 8 पर भारी छूट....जल्द खरीदें



**मुंबई।** तकनीक की दुनिया में एप्पल एक ऐसा प्रमुख ब्रांड है, जिस पर यूजर्स सबसे ज्यादा भरोसा करते हैं। चाहे स्मार्टफोन की हो या फिर स्मार्टवॉच की, सभी के दिल में एप्पल के प्रोडक्ट लेने की इच्छा जरूर होती है। लेकिन इनकी कीमतों के कारण आप अपने मन को काबू में रखते हैं। फ्लपिकार्ट पर एप्पल वॉच सीरीज 8 पर बढ़िया डिस्काउंट मिल रहा है। एप्पल के 41एमएम जीपीएस और सेलुलर ईसीजी एप वाली वॉच पर फ्लपिकार्ट 55 प्रतिशत का छूट दे रहा है। एप्पल वॉच सीरिज 8 (41एमए) वॉच की कीमत, वास्तव में 55,900 है। लेकिन 55 फीसदी छूट मिलने के बाद इसकी कीमत 24,999 हो गई है। यानी आपको 30901 रुपये की छूट मिल रही है। बैंक ऑफर का लाभ उठाकर आप इस वॉच को और भी कम दाम में खरीद सकते हैं। छूट और बैंक ऑफर के अलावा, फ्लिपकार्ट आपकी पुरानी स्मार्टवॉच के बदले 2,300 रुपये तक का एक्सचेंज वैल्यू भी दे रहा है। अगर आप ऑफर का भी लाभ उठाते हैं, तब एप्पल की ये वॉच आपको 20000 रुपये तक की कीमत पर मिलेगी।